# कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले सभी लोगों के लिए COVID-19 टीके की रेफरेंस गाइड

Washington State Department of HEALTH

जो लोग कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले हैं वे खासकर COVID-19 सहित दूसरे संक्रमणों की चपेट में आ सकते हैं।

**अगर आपकी निम्नलिखित में से कोई भी बीमारी है तो आपको मध्यम से गंभीर कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाला माना जाता है और आपको COVID-19 टीके की अतिरिक्त खुराक से फ़ायदा हो सकता है।**

**इसमें वे लोग शामिल हैं जो:**

- ट्यूमर या रक्त के कैंसर के लिए सक्रिय कैंसर उपचार प्राप्त कर रहे हैं
- जिनका कोई अंग प्रत्यारोपित हुआ है और वे रोग प्रतिरोधक तंत्र को दबाने के लिए दवा ले रहे हैं
- जिन्होंने पिछले 2 वर्षों के भीतर स्टेम सेल ट्रांसप्लांट करवाया है या रोग प्रतिरोधक तंत्र को दबाने के लिए दवा ले रहे हैं
- जिनकी मध्यम या गंभीर बीमारियों से लड़ने की प्राथमिक शारीरिक क्षमता कमज़ोर है (जैसे DiGeorge सिंड्रोम, Wiskott-Aldrich सिंड्रोम)
- जिन्हें विकसित या अनुपचारित HIV संक्रमण है
- ऐसे उपचार करवा रहें हैं जिनमें कॉर्टिकोस्टेरॉइड के हाई-डोज या दूसरी दवाएँ दी जाती हैं जो कि प्रतिरोधक तंत्र को दबा सकते हैं

इस सूची में सभी कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाली स्थितियों को शामिल नहीं किया गया है, कृपया यह निर्धारित करने के लिए अपने चिकित्सक से बात करें कि क्या अतिरिक्त खुराक आपके लिए फायदेमंद होगी। अगर आप कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले हैं, तो नीचे दिए गए चार्ट को देखकर पता लगाएं कि COVID-19 से सुरक्षित रहने के लिए आप कितनी खुराक ले सकते हैं:

| अगर आपने लगवाई है... | जिन लोगों को COVID-19 के पिछले टीके लग चुके हैं | जिन लोगों को COVID-19 का पिछला कोई टीका नहीं लगा है |
|---|---|---|
| **Moderna** (6 महीने और उससे ज्यादा) | **पिछली 1 खुराक मिली है:**<br>**पहली खुराक** के 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीके की दूसरी खुराक<br>**दूसरी खुराक** के 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीके की तीसरी खुराक | **पहली खुराक:** अपडेटेड 2023-2024 टीका<br>**दूसरी खुराक:** पहली खुराक के 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीका<br>**तीसरी खुराक:** दूसरी खुराक के 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीका |
| | **जिन्हें 2 या उससे ज़्यादा खुराकें मिली हों:**<br>**आखिरी खुराक** के 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीके की 1 खुराक | |
| | **जिन्हें 3 या उससे ज़्यादा खुराकें मिली हों:**<br>**आखिरी खुराक** के 8 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीके की 1 खुराक | |
| **Pfizer** (6 महीने और उससे ज्यादा) | **पिछली 1 खुराक मिली है:**<br>**अपडेटेड 2023-2024 टीके** की दूसरी खुराक पहली खुराक के 3 हफ्ते बाद<br>**अपडेटेड 2023-2024 टीके** की तीसरी खुराक।<br>6 महीने से 4 साल के तक बच्चों के लिए दूसरी खुराक के 8 हफ्ते बाद और अन्य सभी उम्र के लोगों के लिए 4 हफ्ते बाद | **पहली खुराक:** अपडेटेड 2023-2024 टीका<br>**दूसरी खुराक:** पहली खुराक के 3 से 8 हफ़्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीका<br>**तीसरी खुराक:** 6 महीने से 4 साल के तक बच्चों के लिए दूसरी खुराक के कम से कम 8 हफ्ते बाद और अन्य सभी उम्र के लोगों के लिए 4 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीका |
| | **जिन्हें 2 या उससे ज़्यादा खुराकें मिली हों:**<br>अपडेटेड 2023-2024 टीके की 1 खुराक।<br>6 महीने से 4 साल के तक बच्चों के लिए दूसरी खुराक के 8 हफ्ते बाद और अन्य सभी उम्र के लोगों के लिए 4 हफ्ते बाद | |
| | **3 या उससे ज़्यादा खुराकें:**<br>**अपडेटेड 2023-2024 टीके की 1 खुराक।**<br>आखिरी खुराक के 8 हफ्ते बाद | |
| **Novavax** (12 साल और उससे ज्यादा की उम्र) | **1 से ज्यादा पिछली खुराकें:**<br>आखिरी खुराक के कम से कम 8 हफ्ते बाद अपडेटेड 2023-2024 टीके की 1 खुराक | **पहली खुराक:** अपडेट किया गया टीका<br>**दूसरी खुराक:** पहली खुराक के 3 हफ्ते बाद अपडेट किया गया टीका |

# अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

## कौन सी अंतर्निहित बीमारियाँ आपको COVID-19 से गंभीर बीमारी के ज़्यादा जोखिम में डालती हैं?

नीचे सूचीबद्ध बीमारियों से पीड़ित किसी भी उम्र के व्यक्ति की COVID-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना ज़्यादा होती है।

COVID-19 टीके (प्रारंभिक खुराक और बूस्टर) और COVID-19 के लिए दूसरे निवारक उपाय महत्वपूर्ण हैं, खासकर अगर आप बूढ़े हैं या इस सूची में शामिल बीमारियों सहित कई या गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। इस सूची में उन सभी संभावित स्थितियों को शामिल नहीं किया गया है जो आपको COVID-19 से गंभीर बीमारी के लिए ज़्यादा जोखिम में डालती हैं। अगर आपकी कोई बीमारी इस सूचि में शामिल नहीं है तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से इस बारे में बात करें कि आपकी स्थिति को सर्वोत्तम तरीके से कैसे प्रबंधित किया जाए और खुद को COVID-19 से कैसे बचाया जाए।

- कैंसर
- गुर्दे की पुरानी बीमारी
- लिवर की पुरानी बीमारी
- फेफड़ों की पुरानी बीमारी
- डिमेंशिया या दूसरी न्यूरोलॉजिकल कंडीशन
- मधुमेह (टाइप 1 या 2)
- डाउन सिंड्रोम
- हृदय रोग
- HIV संक्रमण
- कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता की अवस्था (कमज़ोर रोग प्रतिरोधक तंत्र)
- मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति
- अधिक वज़न और मोटापा
- गर्भावस्था
- सिकल सेल रोग या थैलेसीमिया
- धूम्रपान, वर्तमान या पूर्व
- ठोस अंग या ब्लड स्टेम सेल प्रत्यारोपण
- स्ट्रोक या सेरेब्रोवास्कुलर रोग, जो मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को प्रभावित करता है
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार
- ट्यूबरक्लोसिस

## क्या मध्यम या गंभीर रूप से कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को ये सभी खुराक लगवाने के लिए डॉक्टर के नोट/पर्चे या अन्य दस्तावेज़ की आवश्यकता होगी?

नहीं, व्यक्ति स्वयं की पहचान कर सकते हैं और जहां कहीं भी वैक्सीन लगाई जाती हैं वहां से सभी खुराक ले सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि इस आबादी तक पहुँचने में अतिरिक्त बाधाएं नहीं हैं। अगर कमज़ोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों के पास अपनी बीमारियों से जुड़े सवाल हैं तो वे अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ इस बात की चर्चा कर सकते हैं कि अतिरिक्त खुराक लेना उनके लिए उपयुक्त है या नहीं।

## क्या मुझे टीके के लिए भुगतान करना होगा?

COVID-19 महामारी के दौरान अमेरिकी संघीय सरकार ने सभी COVID-19 टीके खरीद लिए थे और उन्हें हर उस व्यक्ति के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जिसे उनकी ज़रूरत थी। अब जब COVID-19 का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल खत्म हो चुका है, तो उम्मीद है की जाती है कि COVID-19 टीके भी दूसरे टीकों की तरह मिलेंगे। इसका मतलब यह है कि वे क्लीनिक और अस्पतालों द्वारा खरीदे जाएंगे।

दूसरे टीकों की तरह COVID-19 टीके को संभवतः अधिकांश बीमा योजनाओं द्वारा कवर किया जाएगा। वाशिंगटन राज्य में 19 वर्ष की उम्र तक के सभी बच्चों के लिए Vaccines for Children (बच्चों के लिए टीकें) कार्यक्रम के जरिए COVID-19 के टीके निःशुल्क उपलब्ध होंगे। अगर वयस्कों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है या उनकी योजना में टीके शामिल नहीं है तो उनके लिए ऐसे कार्यक्रम भी हैं जो टीके की लागत को कवर करने में सहायता कर सकते हैं। Bridge Access Program (ब्रिज एक्सेस कार्यक्रम), 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के उन वयस्कों को दिसंबर 2024 तक अपडेटेड 2023-2024 COVID-19 टीके अस्थायी रूप से मुफ़्त में देगा जिनके पास कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं है और जिनका बीमा COVID-19 से जुड़े सभी खर्चों को कवर नहीं करता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली फार्मेसी को खोजने के लिए www.vaccines.gov पर जाएं।

**और सवाल हैं? यहां जाएं: VaccinateWA.org**

Washington State Department of HEALTH

DOH 825-064 CS December 2023 Hindi
इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें।